B.S.N.V. P.G. COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

`

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL ID: bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 94151920333
DATE: 26/09/2023

CSIR -NBRI VISIT M.Sc.1ST SEMESTER CHEMISTRY STUDENTS

आज सीएसआईआर के 82वा फाउंडेशन डे के अवसर पर रसायन विज्ञान विभाग के पोस्टग्रेजुएशन प्रथम वर्ष के छात्रों को सीएसआईआर – एनबीआरआई के लैबोरेटरी, बोटेनिकल गार्डन, म्यूज़ियम, एवम् हर्बेरियम को देखने व समझने का अवसर प्राप्त हुआ।सर्वप्रथम सभी छात्र स्किल सेटेलाइट सेंटर गए जहा उन्हें प्रीति एवम् खुशबू जी ने फ्लावर डिहाइड्रेटेड तकनीकी के बारे समझाया। यहां सूखे पौधों एवम् उन पर आधारित सामग्री का उपयोग करके पुष्प शिल्प तैयार किए जाते है। उसके बाद लैबोरेटरी विजिट के दौरान डा० महेश पाल जी ने नेचुरल प्रोडक्ट आधारित रसायन विज्ञान पर चर्चा की एवम् उनके पी. एचडी. छात्रों ने लैब में उपस्थित उपकरणों के बारे में छात्रों से बिस्तार में चर्चा की। डा० महेश पाल जी वर्तमान में सीएसआईआर – एनबीआरआई में सीनियर प्रिंसीपल साइंटिस्ट है एवम् केकेवी महाविद्यालय के 1986 बैच के छात्र रह चुके है। बॉटेनिकल गार्डन में भिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधे देखने का अवसर प्राप्त हुआ।छात्रों ने वहा एडवांस टेक्नोलॉजी के माध्यम से कैसे बड़े वृक्ष को छोटे पौधे में परिवर्तित किया गया उसके बारे में जाना। म्यूज़ियम विजिट के दौरान बच्चों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए प्रेरित करते हुए डा० मृदुल शुक्ला जी ने एनबीआरआइ द्वारा बनाए गए कुछ हर्बल चीज़े दिखाईं। अंत में हर्बेरियम विजिट के दौरान डा० के. के . रावत एवम् डा० विनय साहू जी ने बच्चों को समझाया को विलुप्त हो चुके पौधे का अवशेष किस तरह संभाल के रखा जाता है और किस तरह से नए पौधो का डेटा जोड़ा जाता है। इसी दौरान उन्होंने करीब 108 साल पुराने एक पौधे का अवशेष दिखाया और उसको किस तरह से वातावरण में रखा गया है उस पर चर्चा करते हुए छात्रों को रिसर्च क्षेत्र में आगे बढ़ने का सुझाव दिया। इस पूरे कार्यक्रम में छात्रों के साथ कोऑर्डिनेटर डा० रीतू सांगवान एवम् डा० चिंकी गंगवार उपस्थित रही। छात्रों को आज के इस अवसर से काफी कुछ सीखने एवम् भविष्य में रिसर्च की तरफ रूचि बढ़ाने में ये विजिट काफी लाभदायक रही। उन सभी ने अंत में बीएसएनवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो० संजय मिश्रा जी एवम् विभागाध्यक्ष प्रो० डी के गुप्ता जी को धन्यवाद दिया ।

B.S.N.V. P.G. COLLEGE (KKV)

UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

realme
Shot by Sumit Tiwari

realme
Shot by Sumit Tiwari

DEHYDRATED FLORAL & FOLIAGE CRAFTS
जन उद्भवन केन्द्र

Prof. Sanjai Misra
(Principal)